# वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

**(NAAC A+ प्रत्यायित उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय)**

**परिसर में स्थापित**

# नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा

## ‘MISSION DRUG FREE CAMPUS AND SOCIETY’

**के अंतर्गत दिनाँक 12-26 जून, 2024 (जागरूकता पखवाड़ा)**

**पर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित**

**विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों पर आधारित रिपोर्ट**




## अभियान में सहयोगी विभाग/संस्थान

**व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग, अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय एवं उमानाथ सिंह स्वशाषी  राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर**

# रिपोर्ट प्रस्तुतकर्ता

(डॉ० मनोज कुमार पाण्डेय)
जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम समन्वयक एवं
नोडल आफिसर (एंटीनारकोटिक्स ड्रग एवं एडिक्सन)
सहायक आचार्य, व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर
मो०: 7007978543
ईमेल : drmanojvbspu@gmail.com

# नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र

## वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

उत्तर प्रदेश शासन के पत्र (पत्रांक संख्या : 707/सत्तर-3-2023) दिनाँक 15.03.2023 के अनुपालन में नार्को को-आर्डिनेशन मैकेनिज़्म सेंटर के क्रियान्वयन हेतु दिनाँक 16.03.2023 को मा० कुलपति जी के आदेश के क्रम में युवाओं एवं छात्रों में द्रव्य पदार्थों के सेवन एवं लत से छुटकारा पाने हेतु विश्वविद्यालय परिसर में Drug Addiction and Rehabilitation Centre स्थापित किए जाने की घोषणा की गयी। केंद्र अभी अस्थायी तौर पर व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग में कार्य कर रहा हैं। नार्को कोआर्डिनेशन मैकेनिज़्म सेंटर के क्रियान्वयन में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की प्रभावी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु मा० कुलपति जी के आदेश दिनाँक 16.03.2023 को व्यावहारीक मनोविज्ञान के सहायक आचार्य एवं सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ० मनोज कुमार पाण्डेय को नोडल आफिसर (एंटीनारकोटिक्स ड्रग एवं एडिक्सन) नामित किया गया गया है।

इस सेंटर का कार्य निम्नवत कार्य संपादित होता है :

i. संचार के विभिन्न माध्यमों से छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों, अभिभावकों इत्यादि को विभिन्न तरह के ड्रग्स के हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्परिणाम से जागरूक करना है तथा ऐसे दुष्परिणाम से प्रभावित लोगों प्राथमिक उपचार तथा पुनर्वास में मदद करना है।

ii. इस क्षेत्र में कार्य कर रही विभिन्न सरकारी/गैरसरकारी संस्थाओं तथा लोगों के सहयोग से जन-2 तक पहुँच कर लोगों को जागरूक करना है।

iii. विश्वविद्यालय, जौनपुर जिले के समाज कल्याण, जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ मिल कर कार्य करने के लिए तैयार है, जिसमें विश्वविद्यालय विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाओं, मनोवैज्ञानिक परामर्श सुविधा इत्यादि के माध्यम से जन-जन को जागरूक करना।

iv. विश्वविद्यालय ऐसी संस्थायें जो इस क्षेत्र में प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है, के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर उनके सहयोग से इस क्षेत्र मे प्रभावी कार्य करना।

v. विश्वविद्यालय अपने छात्रों एवं शोधार्थी को मादक पदार्थों एवं द्रव्यों के नशे के दुष्परिणाम एवं प्रभावी रोकथाम हेतु शोध, शिक्षण एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देना।

vi. विश्वविद्यालय अपने छात्रों एवं अन्य गैर सरकारी सामाजिक संगठनों में कार्य कर रहे लोगों के लिए लघु और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों को प्रारभ करेगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर पाये, इस संदर्भ में विश्वविद्यालय परिसर में लघु पाठ्यक्रम/सर्टिफिकेट प्रोग्राम को प्रारंभ करने की तैयारी की जा रही है।

vii. इस संबंध में विश्वविद्यालय परिसर स्थित Drug Addiction and Rehabilitation Centre के माध्यम से विभिन्न विभागों के संयुक्त तत्वावधान में इस क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न संस्थाओं (जैसे Narcotics Control Bureau), पेशेवर लोगों, NGOs इत्यादि के सहयोग से छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों को जागरूक करने हेतु समय-2 पर विभिन्न कार्यशालाओं, संगोष्ठियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना।

viii. इस संबंध में नोडल अधिकारी डॉ० मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा दिनाँक 16.03.2023 को विश्वविद्यालय परिसर स्थित संकाय भवन के कॉनफेरेंस हाल में व्यावहारिक मनोविज्ञान विज्ञान विभाग एवं छात्र अधिष्ठाता कल्याण कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों में विभिन्न तरह के द्रव्य पदार्थों के सेवन एवं व्यसन से रोकथाम करने एवं लोगों को जागरूक करने के लिए **'SUBSTANCE/DRUG ABUSE AND ADDICTION': Action towards Addiction to Deaddiction** विषय पर चर्चा एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। [समाचार में प्रकाशित (**https://hindisamaachar.com/full-story/33201/sabastainsa-draga-ebyuja-enda-edikasanah-eksana-tuvardasa-ediksana-tu-didikesana-visaya-para-hui-carca**)]

**ix. विगत वर्ष 12 जून, 2023 से 27 जून, 2023 तक जन-जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया गया।**

**x. विगत वर्ष ही 26 सितंबर, 2023 से 02 ऑक्टूबर, 2023 तक जन-जागरूकता सप्ताह मनाया गया।**

## जागरूकता पखवाड़ा उद्घाटन कार्यक्रम

'Mission Drug free Campus & Society' के तहत विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जागरूकता पखवाड़ा (12 जून-26 जून, 2024) के उद्घाटन दिवस पर 'विश्वविद्यालय परिसर में मा० कुलपति प्रो० वंदना सिंह जी की अध्यक्षता में कुलसचिव श्री महेंद्र कुमार एवं वित्त अधिकारी श्री संजय राय और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्त परिसर एवं समाज में उनकी भूमिका को लेकर व्यापक विचार-विमर्श तथा सभी को नशा-मुक्त स्वस्थ जीवन जीने हेतु शपथ दिलाया गया।




## उद्घाटन कार्यक्रम में लिए गए कुछ छाया चित्र






**द्वितीय कार्यक्रम : अभिप्रेरणा एवं सामूहिक योग शपथ कार्यक्रम**




**उपस्थित जन समूह को नशा-मुक्त स्वस्थ परिसर एवं समाज निर्माण में सक्रिय रूप से सहभागी बनने हेतु शपथ दिलाते हुए विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी श्री संजय राय एवं परीक्षा नियंत्रक श्री अजीत प्रताप सिंह जी ..**

**दिनाँक : 13.06.2024** **दिन: द्वितीय**

अभियान के दूसरे दिन विश्वविद्यालय में आने वाले आगंतुकों, बाह्य परीक्षकों एवं उपस्थित कर्मचारियों को विश्वविद्यालय की मा० कुलपति प्रो० वंदना सिंह जी, कुलसचिव श्री महेंद्र कुमार एवं वित्त अधिकारी श्री संजय राय और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्त परिसर एवं समाज निर्माण में उनकी भूमिका को लेकर जागरूक किया गया तथा साथ ही साथ सभी को नशा-मुक्त स्वस्थ जीवन जीने हेतु शपथ दिलाया गया।



उपस्थित जन समूह को नशा-मुक्त स्वस्थ परिसर एवं समाज निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका के निर्वहन हेतु संबोधित एवं प्रेरित कर हुई विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० वंदना सिंह...



उपस्थित जन समूह को नशा-मुक्त स्वस्थ परिसर एवं समाज निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका के निर्वहन हेतु संबोधित एवं प्रेरित कर हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री अजीत प्रताप सिंग जी...



उपस्थित जन समूह को नशा-मुक्त स्वस्थ परिसर एवं समाज निर्माण में सक्रिय रूप से सहभागी बनने हेतु शपथ दिलाती हुई विश्वविद्यालय की मा० कुलपति प्रो0 वन्दना सिंह...

**दिनाँक : 14.06.2024** **दिन : तृतीय**

अभियान के तीसरे दिन विश्वविद्यालय द्वारा **'नशामुक्त परिसर और समाज'** के अधीन चलाये जा रहे जागरूकता पखवाड़ा (12-26 जून, 2024) कार्यक्रम के तहत विश्व रक्तदान दिवस (14 जून, 2024) के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा जौनपुर जनपद स्थित उमा नाथ सिंह स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर के सहयोग से **'रक्त-दान एक महादान शिविर'** का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति एवं इस शिविर की मुख्य अतिथि प्रो० वंदना सिंह जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर दोनों संस्थाओं के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के रक्त की भी जांच की गयी, जिसमें आधुनिक जीवन शैली (रहन-सहन, खान-पान, दैनिक दिनचर्या, नशा) का हमारे रक्त तथा उससे जुड़ी विभिन्न बीमारियाँ जैसे कैंसर, मधुमेह, रक्तचाप इत्यादि जैसी बीमारियों की जाँच की गयी।












विश्वविद्यालय के शिक्षकों क्रमशः डॉ० मनोज कुमार पाण्डेय, डॉ० पुनीत धवन एवं डॉ० श्याम कन्हैया एवं अन्य द्वारा रक्तदान किया गया।




विश्वविद्यालय के शिक्षक द्वारा जांच कराते हुए..



उपस्थित जन समूह को रक्तदान एवं तत्पश्चात नशा-मुक्त स्वस्थ जीवन जीने हेतु शपथ दिलाती हुई रक्तदान शिविर की मुख्य अतिथि प्रो० वंदना सिंह..

# जीवन बचाने का पवित्र कार्य है रक्तदानः कुलपति

अमर भारती ब्यूरो।

जौनपुर। विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर एवं उमानाथ सिंह स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया और उन्होंने रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक एवं प्रोत्साहित करने का आवाह्न किया । कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान ही नहीं अपितु कि जरूरतमंद को जीवन देने का एक जरिया है।

उन्होंने कहा कि जीवन की इस आपाधापी में किसी भी दुर्घटना अथवा विभिन्न गंभीर बीमारी के समय में आपका दिया हुआ रक्त किसी के जीवन की संजीवनी बन सकता है। इसी उद्देश्य से विश्व रक्तदान दिवस हर वर्ष 14 जून को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मनाया जाता है । साथ ही साथ रक्तदान हेतु शपथ भी दिलाई गई । एनाटोमी विभाग के हेड एवं सीएमएस डॉ. ए .ए .जाफरी तथा डॉ. सदानंद ने भी रक्तदान के महत्त्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया । रक्तदान शिविर के नोडल अधिकारी डॉ. पुनीत कुमार धवन ने उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए । इस अवसर पर प्रो देवराज सिंह, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, विपिन सिंह, डॉ. पुनीत कुमार धवन, डॉ. श्याम कन्हैया आदि शिक्षकों एवं छात्रों ने रक्तदान किया ।इस अवसर पर डॉ. अरुण सिंह, डॉ. शालिनी मौर्या, डॉ. इरसाद खान, डॉ. राज बहादुर यादव, डॉ. पुनीत सिंह, डॉ. अमित वत्स, राजेंद्र सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, डॉ. नीरज कुमार सिंह, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. अवधेश कुमार मौर्य , शतिराम यादव, सत्यम सुंदरम मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।



रक्तदान शिविर का उद्घाटन करतीं कुलपति प्रो. वंदना सिंह (फोटोः अमर भारती)

**● पीयू व उमानाथ सिंह स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में लगा रक्तदान शिविर**

**दिनाँक : 15.06.2024** **दिन : चतुर्थ**

विश्वविद्यालय द्वारा 'नशामुक्त परिसर और समाज' के अधीन चलाये जा रहे जागरूकता पखवाड़ा (12-26 जून, 2024) एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित योग सप्ताह कार्यक्रम (15-21 जून, 2024) कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में योग सप्ताह के उद्घाटन कार्यक्रम एवं जन-जागरूकता **अभियान के चौथे दिन** (दिनाँक : 15.06.2024) को अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय एवं व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग, वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में **'Yoga for Self and Society : The Basis of a Competent and Drug Free Society'** विषय पर समूह-परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।






मा० कुलपति प्रो० वंदना सिंह जी द्वारा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवं शिक्षकों से 'Yoga for Self and Society : The Basis of a Competent and Drug Free Society' पर सामूहिक परिचर्चा करते हुए.. साथ में विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी श्री संजय राय जी एवं कुलसचिव श्री महेंद्र कुमार जी

**दिनाँक : 16.06.2024** **दिन : पंचम**

विश्वविद्यालय द्वारा 'नशामुक्त परिसर और समाज' के अधीन चलाये जा रहे जन-जागरूकता पखवाड़ा (12-26 जून, 2024) के पाँचवे दिन (दिनाँक : 16.06.2024) को नशा से मुक्ति एवं रोकथाम में योग कि भूमिका पर आर्ट ऑफ लिविंग, जौनपुर के प्रशिक्षित योगाचार्य द्वारा योग के माध्यम से लोगों को जागरूक एवं विभिन्न योगासन का अभ्यास कराया गया।



**दिनाँक : 17.06.2024** **दिन : षष्टम**

विश्वविद्यालय द्वारा 'नशामुक्त परिसर और समाज' के अधीन चलाये जा रहे जागरूकता पखवाड़ा (12-26 जून, 2024) के छठवें दिन (दिनाँक : 17.06.2024) व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग एवं उमा नाथ सिंह राज्य स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर के संयुक्त तत्ववाधान में 'Mission Drug free Campus & Society' एवं अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अधीन **'आधुनिक जीवन शैली जनित रोगों के लक्षण एवं इसके बचाव के यौगिक संसाधनों'** पर ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों और चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर के शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उक्त विषय के माध्यम से परस्पर जागरूक एवं संवाद किया गया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में आर्ट ऑफ लिविंग, बंगुलुरु की वरिष्ठ योग प्रशिक्षिका डॉ० शारदा द्विवेदी जी रही एवं वेबिनार की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रो० वंदना सिंह जी द्वारा किया गया।



3 Tejas बुधवार, 19 जून 2024 (जौनपुर) लखनऊ/बांदा मण्डल

## बदलती दिनचर्या से स्वास्थ्य खतरे में: डा. शारदा

-जीवन जीने की कला है योग: कुलपति

-योग सप्ताह के क्रम में हुई आनलाइन संगोष्ठी

संगोष्ठी

तेजस टुडे ब्यूरो, विरेन्द्र यादव सखयख्वाजा, जौनपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर में योग सप्ताह मनाए जाने के क्रम में व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग, अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय एवं मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आधुनिक जीवनशैली जनित रोगों के लक्षण एवं इसके बचाव के यौगिक समाधान विषयक एक दिवसीय सेमिनार में मुख्य वक्ता, वरिष्ठ योग प्रशिक्षिका आर्ट ऑफ लिविंग, बंगलूर कर्नाटका के डॉ. शारदा द्विवेदी ने योग के महत्व को विस्तार से बताया।

उन्होंने शरीर को मन और आत्मा से जोड़ते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

वर्तमान जीवनशैली और प्रकृति को एक साथ जोड़ते हुए जीवनशैली का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव कैसे पड़ता है, इसके बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। वर्तमान में बदलती हुई दिनचर्या बिगड़ते हुए स्वास्थ्य का कारण है। उन्होंने अपने व्याख्यान में जीवन को एक उत्सव के रूप में जीने की कला को बताया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि योग करने से कार्य कुशलता आती है, योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही साथ मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बनाने और प्रसन्न रखने का निःशुल्क साधन है। जीवन जीने की कला को ही योग कहा जाता है। आने वाली पीढ़ी कैसी होगी और आने वाला भारत कैसा होगा, यह वर्तमान भारत को निर्धारित करना होगा। 21 जून को मनाया जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सभी लोग अधिक से अधिक प्रतिभागी करें।

कार्यक्रम में प्रो. बी.बी. तिवारी, प्रो. मनोज मिश्रा, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. गिरधर मिश्रा, डॉ. नीतिश जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के समन्वयक एवं सेमिनार के संयोजक डॉ. मनोज पाण्डेय और धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ. दिव्येंदु मिश्रा ने किया।

भारत एकता टाइम्स

आजमगढ़/जौनपुर/मिर्जापुर

# सल्तनत बहादुर महाविद्यालय में योग के लिए ली शपथ



भारत एकता टाइम्स

बदलापुर(जौनपुर)। स्थानीय क्षेत्र के सल्तनत बहादुर महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए शपथ ली गई। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में पूर्वांचल विश्वविद्यालय को प्रथम स्थान पर लाने के लिए महाविद्यालय के प्रबंधक श्याम सिंह और प्राचार्य प्रो. सुनील प्रताप सिंह ने प्राध्यापकों, कर्मचारियों, अभिभावकों, पुरातन व अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बताया कि आप सभी को योग शपथ ग्रहण कर- के प्रमाण पत्र बनाना है। योग व प्राणायाम स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. कर्मचन्द यादव ने कहा कि योग शपथ ग्रहण के लिए एक मोबाइल नंबर से एक प्रमाण पत्र बनता है। आपके घर परिवार के सभी सदस्य जो पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बंधित रहे हैं, उन सभी लोगों को योग शपथ लेकर प्रमाण पत्र बनाकर अपने संस्थान को भेज देना है। योग शपथ के लिए दिनांक 18 जून की मध्य रात्रि तक अन्तिम तिथि है। इस अवसर पर मुमताज अहमद अंसारी, कार्यालय अधीक्षक सुनील सिंह, लेखाकार चतुर्भुज सिंह, प्रमोद सिंह, विजय कुमार, रामजीत यादव, राकेश खरवार, राकेश पाल, शैलेश विश्वकर्मा सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## बदलती दिनचर्या से स्वास्थ्य खतरे में

भारत एकता टाइम्स/जौनपुर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में योग सप्ताह मनाए जाने के क्रम में व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग, अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय एवं उमा नाथ सिंह मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आधुनिक जीवनशैली जनित रोगों के लक्षण एवं इसके बचाव के यौगिक समाधान विषयक एक दिवसीय सेमिनार में मुख्य वक्ता, वरिष्ठ योग प्रशिक्षिका आर्ट ऑफ लिविंग, बेंगलूरु कर्नाटका से डॉ. शारदा द्विवेदी ने योग के महत्व को विस्तार से बताया। डॉ. द्विवेदी ने शरीर को मन और आत्मा से जोड़ते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

वर्तमान जीवन शैली और प्रकृति को एक साथ जोड़ते हुए जीवनशैली का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव कैसे पड़ता है इसके बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। डॉ.द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती हुई दिनचर्या बिगड़ते हुए स्वास्थ्य का कारण है। उन्होंने अपने व्याख्यान में जीवन को एक उत्सव के रूप में जीने की कला को बताया। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के प्रो. बी.डी. शर्मा ने कहा कि योग लोगों को आपस में जोड़ता है। योग से कार्य की कुशलता आती है। उन्होंने योग और प्रकृति के संबंध पर विस्तृत प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि योग करने से कार्य कुशलता आती है, योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही साथ मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बनाने और प्रसन्न रखने का निशुल्क साधन है। जीवन जीने की कला को ही योग कहा जाता है। कुलपति ने कहा कि आने वाली पीढ़ी कैसी होगी और आने वाला भारत कैसा होगा, यह वर्तमान भारत को निर्धारित करना होगा। 21 जून को मनाया जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सभी लोग अधिक से अधिक प्रतिभागी करें। कार्यक्रम में प्रो. बी.बी. तिवारी, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. गिरधर मिश्र, डॉ. नीतिश जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के समन्वयक एवं सेमिनार के संयोजक डॉ.मनोज कुमार पाण्डेय ने और धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ. दिग्विजय मिश्र ने किया।

# बदलती दिनचर्या से स्वास्थ्य खतरे में : डॉ.शारदा द्विवेदी

**जीवन जीने की कला है योग : प्रो. वंदना सिंह**



जौनपुर धारा

जौनपुर। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में योग सप्ताह मनाए जाने के क्रम में व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग, अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय एवं उमानाथ सिंह मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आधुनिक जीवनशैली जनित रोगों के लक्षण एवं इसके बचाव के यौगिक समाधान विषयक एक दिवसीय सेमिनार में मुख्य वक्ता, वरिष्ठ योग प्रशिक्षिका आर्ट ऑफ लिविंग, बेंगलूरु कर्नाटका से डॉ.शारदा द्विवेदी ने योग के महत्व को विस्तार से बताया। डॉ.द्विवेदी ने शरीर को मन और आत्मा से जोड़ते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। वर्तमान जीवन शैली और प्रकृति को एक साथ जोड़ते हुए जीवनशैली का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव कैसे पड़ता है, इसके बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। डॉ.द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती हुई दिनचर्या बिगड़ते हुए स्वास्थ्य का कारण है। उन्होंने अपने व्याख्यान में जीवन को एक उत्सव के रूप में जीने की कला को बताया। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के प्रो.बी.डी.शर्मा ने कहा कि योग लोगों को आपस में जोड़ता है। योग से कार्य की कुशलता आती है। उन्होंने योग और प्रकृति के संबंध पर विस्तृत प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय की कुलपति वंदना सिंह ने कहा कि योग करने से कार्य कुशलता आती है, योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही साथ मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बनाने और प्रसन्न रखने का निशुल्क साधन है। जीवन जीने की कला को ही योग कहा जाता है। कुलपति ने कहा कि आने वाली पीढ़ी कैसी होगी और आने वाला भारत कैसा होगा, यह वर्तमान भारत को निर्धारित करना होगा। 21जून को मनाया जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सभी लोग अधिक से अधिक प्रतिभागी करें। कार्यक्रम में प्रो. बी.बी.तिवारी, प्रो.मनोज मिश्र, प्रो.प्रमोद यादव, प्रो.गिरधर मिश्र, डॉ.नीतिश जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के समन्वयक एवं सेमिनार के संयोजक डॉ.मनोज कुमार पाण्डेय ने और धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ. दिग्विजय मिश्र ने किया।

**Online News:**

1. [https://jaunpurdhara.com/?p=310368](https://jaunpurdhara.com/?p=310368)

दिनाँक : 18 जून, 2024 दिन : सप्तम दिन

अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह एवं **'Mission Drug free Campus & Society'** के अधीन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राजभवन सचिवालय से गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड हेतु चल रहे 'ऑनलाइन शपथ' के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं नशा मुक्त परिसर के जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय से संबद्ध मो० हसन पी. जी. कॉलेज, जौनपुर में विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी श्री संजय राय एवं परीक्षा नियंत्रक श्री अजीत प्रताप सिंह जी के नेतृत्व में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं कर्मचारियों हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं वृहद शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।









उपस्थित जन-समूह को उक्त अवसर पर संबोधित एवं प्रेरित करते हुए हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अब्दुल कादिर जी





उक्त विषयक तैयार पोस्टर का प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थी




उक्त अवसर पर शपथ लेते विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी एवं मोहम्मद हसन पी० जी० कॉलेज, जौनपुर के शिक्षक एवं विद्यार्थीगण

विश्वविद्यालय द्वारा 'नशामुक्त परिसर और समाज' के अधीन चलाये जा रहे जागरूकता पखवाड़ा (12-26 जून, 2024) एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित योग सप्ताह कार्यक्रम (15-21 जून, 2024) कार्यक्रम के संयुक्त गतिविधियों के जौनपुर शहर में स्थित शाही किला पर नशा-मुक्त एवं स्वस्थ समाज में योग की भूमिका पर प्रातः सामूहिक रूप से शाही किला स्थित पार्क में आने वाले लोगों एवं विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों को नशा-मुक्त स्वस्थ जीवन जीने हेतु अपनी दैनिक जीवन-चर्या में नियमित योग एवं ध्यान का अभ्यास को सम्मलित करने हेतु जागरूक किया गया।













# हम सभी योग को जीवन में उतारे: कुलपति

## शाही किले में पूविवि के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने किया योग

**योग**

तेजस टूडे ब्यूरो, विरेन्द्र यादव सरायख्वाजा, जौनपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को शहर के शाही किले में पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जिला प्रशासन एवं समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से योगासन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। योग प्रशिक्षक जय सिंह प्रतिभागियों को योग कराया। उन्होंने योग को जीवन में उतारने के लिए शपथ भी दिलाई। वहीं कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा कि हम सभी योग को जीवन में उतारें। योग से शरीर के विकारों एवं व्याधियों को दूर करने में मदद मिलती है। योग हमारे मन और तन दोनों को स्वस्थ रखता है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व योग के महत्व को



समझ गया। कुलपति ने समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रबंधक एवं प्राचार्यों को योग को नियमित दिनचर्या में रखने की अपील भी की। नोडल अधिकारी डॉ मनोज पांडेय ने बताया कि बुधवार को योग एवं इसके विविध लाभ पर आधारित पोस्टर, निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक अजीत सिंह, प्रो अजय द्विवेदी, प्रो विक्रमदेव शर्मा, प्रो गिरिधरमिश्रा, उप कुलसचिव बबिता सिंह, डॉ रसिकेश, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ विनीता सिंह, डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ विजय तिवारी, डॉ अनुराग मिश्र, डॉ लक्ष्मी मौर्य, राज नारायण सिंह, डॉ विद्युत मल्ल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

गोरखपुर || गुरूवार || 20 जून 2024 www.shakuntimes.com
03

# हम सभी योग को जीवन में उतारे : कुलपति

## शाही किले में पीयू के शिक्षकों और कर्मचारियों ने किया योग

शकुन टाइम्स संवाददाता



जौनपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को शहर के शाही किले में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जिला प्रशासन एवं समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से योगासन का कार्यक्रम आयोजित किया गया. योग प्रशिक्षक जय सिंह प्रतिभागियों को योग कराया. उन्होंने योग को जीवन में उतारने के लिए शपथ भी दिलाई. इस अवसर पर कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा कि हम सभी योग को जीवन में उतारे. योग से शरीर के विकारों एवं व्याधियों को दूर करने में मदद मिलती है. योग हमारे मन और तन दोनों को स्वस्थ रखता है. उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व योग के महत्व को समझ गया. कुलपति ने समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रबंधक एवं प्राचार्यों को योग को नियमित दिनचर्या में रखने की अपील भी की. नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार को योग एवं इसके विविध लाभ पर आधारित पोस्टर, निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक अजीत सिंह, प्रो अजय द्विवेदी, प्रो विक्रम देव शर्मा, प्रो गिरिधर मिश्रा, उप कुलसचिव बबिता सिंह, डॉ रसिकेश, डॉ आशुतोष कुमार सिंह, डॉ विनीता सिंह, डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, डॉ विजय तिवारी, डॉ अनुराग मिश्र, डॉ लक्ष्मी मौर्य, राजनारायण सिंह, डॉ विद्युत मल्ल, आदि उपस्थित रहे।

## जौनपुर/मिर्जापुर

भारत एकत

# हम सभी योग को जीवन में उतारे : कुलपति

**योग दिवस विशेष**

- शाही किले में पीयू के शिक्षकों और कर्मचारियों ने किया योग



जौनपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को शहर के शाही किले में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जिला प्रशासन एवं समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से योगासन का कार्यक्रम आयोजित किया गया. योग प्रशिक्षक जय सिंह प्रतिभागियों को योग कराया।

उन्होंने योग और नशा मुक्त जीवन जीने में योग की भूमिका को जीवन में उतारने के लिए शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा कि हम सभी योग को जीवन में उतारे. योग से शरीर के विकारों एवं व्याधियों को दूर करने में मदद मिलती है। योग हमारे मन और तन दोनों को स्वस्थ रखता है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व योग के महत्व को समझ गया. कुलपति ने समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रबंधक एवं प्राचार्यों को योग को नियमित दिनचर्या में रखने की अपील भी की। नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार को योग एवं इसके विविध लाभ पर आधारित पोस्टर, निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक अजीत सिंह, प्रो अजय द्विवेदी, प्रो विक्रम देव शर्मा, प्रो गिरिधर मिश्रा, उप कुलसचिव बबिता सिंह, डॉ रसिकेश, डॉ आशुतोष कुमार सिंह, डॉ विनीता सिंह, डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, डॉ विजय तिवारी, डॉ अनुराग मिश्र, डॉ लक्ष्मी मौर्य, राजनारायण सिंह, डॉ विद्युत मल्ल, आदि उपस्थित रहे।

योग दिवस

# शाही किला से कॉलेज कैंपस तक योग का संकल्प

जौनपुर,संवाददाता। विश्व योग दिवस को लेकर जिले में जबरदस्त उत्साह है। जगह जगह व्यापक तैयारी की जा रही है। पार्क को साफ कराए जाने से लेकर योग का अभ्यास लगातार जारी है। बुधवार को शाही किला से लेकर आधा दर्जन स्थानों पर योग की बारिकियों के बारे में लोगो ने जानकारी ली।

प्रशासन की ओर से बुधवार को लोहिया पार्क में रोगानुसार और अवस्थानुसार विभिन्न प्रकार के आसन, व्यायाम, ध्यान और प्राणायामों का अभ्यास कराया गया। पतंजलि योग समिति उत्तर प्रदेश के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति और आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों की मौजूदगी में लोगों ने योग किया। इसी क्रम में शाही किला में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जिला प्रशासन एवं समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से योगासन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षक जय सिंह प्रतिभागियों को योग कराया। उन्होंने योग और नशा मुक्त जीवन जीने में योग की भूमिका को जीवन में उतारने के लिए शपथ भी दिलायी। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि हम सभी योग को जीवन में उतारें। कुलपति ने समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रबंधक एवं प्राचार्यों को योग को नियमित दिनचर्या में रखने की अपील की। नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार को योग एवं इसके विविध लाभ पर आधारित पोस्टर, निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो.विक्रम देव शर्मा, प्रो. गिरिधर मिश्रा, उप कुलसचिव बबिता सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा की मौजूदगी में योग किया गया।



पीयू में बुधवार को कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह समेत कई लोगों ने योगाभ्यास किया।

## हसन कॉलेज में एक साथ उठे सैकड़ों हाथ

जौनपुर। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज में बुधवार को एक साथ सैकड़ो हाथ योग करने के लिए उठे। लोगो ने संकल्प लिया कि योग को जीवन में शामिल करना है। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने की। मुख्य अतिथि वित्त अधिकारी पूर्वांचल विश्वविद्यालय डॉ. संजय राय एवंम विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक अजीत प्रताप सिंह रहे। वित्त अधिकारी ने कहा की योग हमारे मन एवं शरीर दोनों को स्वस्थ रखने में लाभदायक होता है।

## एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

जौनपुर। डॉ. अख्तर हसन रिजवी शिया पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में एनएसएस के छात्रों ने योग की शपथ ली। इस अवसर पर इ. शादाब हैदर,फैजान हैदर, राजाराम,तुषार राठौर,अनूप, मुकेश उपस्थित रहे। गांधी स्मारक पीजी कॉलेज, समोधपुर रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर अवधेश कुमार मिश्र की मौजूदगी में योग का संकल्प छात्रों ने लिया।

**दिनाँक : 20.06.2024** **दिन : नवम**

विश्वविद्यालय द्वारा 'नशामुक्त परिसर और समाज' एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग को जन-जन तक पहुंचाने हेतु चलाये जा रहे जन-जागरूकता अभियान के नवें दिन (दिनाँक : 20.06.2024) को नशा से मुक्त स्वस्थ जीवन जीने हेतु एवं तमाम बीमारियों से रोकथाम में योग कि भूमिका पर आर्ट ऑफ लिविंग, जौनपुर के प्रशिक्षित योगाचार्य द्वारा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित अमृत सरोवर के किनारे भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० वंदना सिंह जी के साथ विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्राम वासियों ने योग किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि आज अमृत सरोवर के पास योग अभ्यास के दौरान हम सभी ने अद्भुत अनुभव किया है। योग हमें प्रकृति से जुड़ने में मदद करता है। अगर हमारे प्राकृतिक संसाधन अपने मूल रूप में जीवित रहेंगे, तभी हम स्वस्थ जीवन जी सकेंगे। इस अवसर पर योग कार्यक्रम में विभिन्न तरह के व्यसन, नशा के रोकथाम में विभिन्न योग क्रियाओं के महत्व को बताते हुए योगाचार्य द्वारा अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर किसी भी प्रकार से व्यसन से अपने आपको और अपनों को दूर रखने हेतु प्रण भी लिया।

NASHA MUKT BHARAT ABHIYAAN

RAJ BHAVAN UTTAR PRADESH

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2024)

अमृत योग सप्ताह (दिनाँक 15-21 जून, 2024) के अंतर्गत

"योगाभ्यास एव ध्यान कार्यक्रम"

**प्रशिक्षक : श्री जय सिंह, योग प्रशिक्षक, आर्ट ऑफ लिविंग, जौनपुर केंद्र**

**दिनांक : 20.06.2024** **स्थान:अमृत सरोवर, विश्वविद्यालय परिसर, जौनपुर** **समय : प्रातः 6.00 बजें**

गरिमामयी उपस्थिति :

प्रो० वंदना सिंह

कुलपति

वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

| श्री महेंद्र कुमार | श्री संजय राय | डॉ० मनोज कुमार पाण्डेय |
|---|---|---|
| कुलसचिव | वित्त अधिकारी | समन्वयक |
| वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर | वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (2024) |

## योग अभ्यास करते हुए प्रतिभागियों की कुछ तस्वीर ........









दूसरे कार्यक्रम के रूप में अभियान के नोडल अधिकारी डॉ० मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि 20.06.2024 को जीवन-शैली से जुड़ी विभिन्न बीमारियां एवं योगासन, योग की विभिन्न मुद्राएं और उसके विभिन्न लाभ, योग की भारतीय परंपरा, मानसिक एवं शारीरिक रोगों के रोकथाम में योग की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से 1585 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

क्विज प्रतियोगिता का विषय वस्तु (कंटेंट)

1. जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां एवं योगासन (Life Style Related diseases and Role of Yoga Posture)
2. योग की विभिन्न मुद्राएं और उसके विभिन्न लाभ (Different forms of Yoga and their benefits)
3. योग की भारतीय परंपरा (Indian Tradition of Yoga)
4. मानसिक एवं शारीरिक रोगों के रोकथाम में योग की भूमिका (Role of Yoga in Prevention of Mental and Physical Illness)

   **Quiz में प्रतिभाग करने हेतु लिंक: https://forms.gle/6HYHXtwX4PaSbNwT6**

दिया गया लिंक 20 जून, 2024 को को 11.00 बजे active हो जाएगा तथा स्वतः ही 12.00 pm पर बंद हो जाएगा।

नोट: प्रतियोगिता में 40 से 50 प्रश्न होंगे, जो बहुविकल्पी होंगे। प्रश्न हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में होगा। प्रतियोगिता के अंत में आपको अपना स्कोर स्वतः पता चल जायेगा।

**दिनाँक : 21.06.2024** **दिन : दशम**

विश्वविद्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2024) के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित योग सप्ताह कार्यक्रम (15-21 जून, 2024) कार्यक्रम एवं 'नशामुक्त परिसर और समाज' के अधीन चलाये जा रहे जागरूकता पखवाड़ा (12-26 जून, 2024) के संयुक्त बैनर तले **विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद इंडोर स्टेडियम में पूरे जोश के साथ दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। आज आयोजित इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि यहां की महिला कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह जी ने प्रतिभागियों को योग कराया। कुलपति ने कहा कि आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो० हनुमान प्रसाद तिवारी जो स्वयं 93 वर्ष के है, उन्होंने अपने जीवन में कई दशक पूर्व योग को जोड़ा। योग दिवस पर उन्होंने उपस्थित जन-समूह अपील की कि अगर जीवन में लम्बी आयु तक स्वस्थ रहना है, तो नियमित योग करें। कुलपति ने प्रतिभागियों को इस अवसर पर शलभ आसन, भुजंगासन, विपरीत शलभासन, धनुरासन, नौकासान, अर्ध-पवन मुक्तासन, पवन-मुक्तासन, उत्तान-पादासन, नटराज आसन, पर्वत आसान कराया। इसके साथ ही उन्होंने नड़ी शोधन, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम, भस्तीका प्राणायाम भी कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मा० कुलपति जी ने इस वृहद सामूहिक योग में भाग ले रहे विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को नशा-मुक्त स्वस्थ जीवन जीने हेतु अपनी दैनिक जीवन-चर्या में नियमित योग एवं ध्यान का अभ्यास को शामिल करने हेतु आग्रह किया।**




**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2024) की कुछ झलकियाँ**








GPS Map Camera
Deokali, Uttar Pradesh, India
RMJH+G6F, Deokali, Uttar Pradesh 222003, India
Lat 25.831605°
Long 82.677898°
21/06/24 07:23 AM GMT +05:30
Google








# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में योग दिवस पर कुलपति ने कराया योग

आदित्य इंडिया न्यूज
डा आर पी विश्वकर्मा

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में पूरे जोश के साथ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया. पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सबसे खास बात यह रही कि यहां की सक्रिय कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने प्रतिभागियों को योग कराया. कुलपति ने कहा कि आज के मुख्य अतिथि प्रो. हनुमान प्रसाद तिवारी ने उनके जीवन में कई दशक पूर्व योग को जोड़ा और शिक्षा पर उन्होंने आलौकिक असर जीवन में लम्बी आयु तक स्वस्थ रहना है तो योग करें. कुलपति ने प्रतिभागियों को शशक आसन, भुजंगासन, विपरीत शलभासन, धनुरासन, नौकासन, अर्धपवनमुक्तासन, पवनमुक्तासन, उत्तानपादासन, नटराज आसन, शवासन कराया इसके साथ ही नाड़ीशोधन, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम भस्त्रिका प्राणायाम कराया इसके साथ ही ओम का सही उच्चारण भी करना बताया.

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर हनुमान प्रसाद तिवारी ने पत्नी प्रो. तिवारी के साथ 93 वर्ष में योग कर युवाओं का उत्साहवर्धन किया. उन्होंने कहा कि अगर आनंद के साथ जीना है तो अपनी दिनचर्या में योग को अवश्य जोड़ें. योग हमें सकारात्मक ऊर्जा देता है. विश्वविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में प्रोटोकॉल के तहत योग हुआ. योग गुरु जयसिंह ने योग के लाभों को बताते हुए योग कराया. विश्वविद्यालय की योग टीम द्वारा भजन पर योग किया गया. संचालन डॉ मनोज मिश्र ने किया.

